भारत सरकार/Government of India

अंतरिक्ष विभाग/Department of Space

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/Indian Space Research Organisation

**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**

तिरुवनंतपुरम/Thiruvananthapuram - 695 022

# विज्ञापन सं. वीएसएससी-332, दिनांक 01.04.2025

# ADVERTISEMENT NO. VSSC-332 DATED 01.04.2025

| महत्वपूर्ण तिथियां/IMPORTANT DATES | |
|---|---|
| पात्रता की निर्णायक तिथि<br>CRUCIAL DATE OF ELIGIBILITY | 15.04.2025, समय/Time: 1700 बजे/Hrs |
| ऑन-लाइन आवेदन के खुलने की तिथि<br>OPENING DATE OF ONLINE APPLICATION | 01.04.2025, समय/ Time: 1000 बजे/Hrs |
| ऑन-लाइन आवेदन की प्रस्तुति समाप्त होनेवाली तिथि<br>CLOSING DATE OF SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION | 15.04.2025, समय/Time: 1700 बजे/Hrs |
| लिखित परीक्षा की संभावित तिथि<br>TENTATIVE DATE OF WRITTEN TEST | वीएसएससी वेबसाइट में घोषित की जानी है<br>TO BE ANNOUNCED IN VSSC WEBSITE |

## निम्नलिखित पदों के लिए ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करता है
## INVITES APPLICATION FOR THE FOLLOWING POSTS

| पद सं. Post No | पद एवं वेतन स्तर Post & Pay Level | रिक्तियों की सं. No. of vacancies | आरक्षित Reserved for | पद के लिए अनिवार्य योग्यताएं Essential qualifications for the post | शारीरिक अपेक्षाएं Physical Requirements | कार्य की प्रकृति Nature of job |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1526 | सहायक Assistant (राजभाषा/ Rajbhasha)<br><br>स्तर/Level 04 (₹ 25,500 – ₹ 81,100/-) | 02 | अना./ UR - 01<br>अ.पि.व./ OBC - 01 | **अनिवार्य योग्यता/Essential qualification :**<br>1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषितानुसार न्यूनतम 60% अंक या 10-पोइन्ट स्केल पर 6.32 के सीजीपीए के साथ स्नातक की उपाधि। अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारितानुसार पाठ्यक्रम की अवधि के अंदर स्नातक की उपाधि पूरी करनी चाहिए।<br>Graduation with a minimum of 60% marks or CGPA of 6.32 on a 10-point scale as declared by any recognized University. The candidate should have completed Graduation within the duration of the course as prescribed by the University.<br>2. कंप्यूटर पर 25 शब्द प्रति मिनट की दर से हिंदी टंकण की गति।<br>Hindi Typewriting speed @25 words per minute on computer.<br>3. कंप्यूटरों के उपयोग में प्रवीणता।<br>Proficiency in the use of Computers.<br>**वांछनीय योग्यता/Desirable qualification:**<br>अंग्रेज़ी टंकण का ज्ञान।<br>Knowledge of English Typewriting. | एस, एसटी, डब्ल्यू, एल, आरडब्ल्यू, एमएफ, एसई, सी, एच<br><br>S, ST, W, L, RW, MF, SE, C, H | हिंदी टंकण, पत्रों एवं नोटों का आलेखन, विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं समारोहों का आयोजन, फाइलों का अनुरक्षण, रिकॉर्ड कीपिंग, रोस्टर तैयार करना, रजिस्टरों में प्रविष्टियां।<br>Hindi Typing, Drafting of letters and notes, Organising various training programmes and functions, Maintenance of files, Record keeping, Preparation of Roster, Entry in Registers. |

| पद सं. Post No | पद एवं वेतन स्तर Post & Pay Level | रिक्तियों की सं. No. of vacancies | आरक्षित Reserved for | पद के लिए अनिवार्य योग्यताएं Essential qualifications for the post | शारीरिक अपेक्षाएं Physical Requirements | कार्य की प्रकृति Nature of job |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1527 | लघु वाहन चालक-ए Light Vehicle Driver-A<br><br>स्तर/Level 02 (₹ 19,900 – ₹ 63,200/-) | 05 | अना./UR-02<br>अ.पि.व./OBC-02<br>ईडब्ल्यूएस/ EWS-01<br><br>05 में से 01 पद पूर्व-सैनिकों के लिए आरक्षित है। Out of 05, 01 post is reserved for Ex-servicemen. | 1. एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिक/10वीं कक्षा में उत्तीर्ण Pass in SSLC / SSC / Matric / 10th Std.<br>2. अपने पास वैध एलवीडी लाइसेंस होना चाहिए Must possess valid LVD license.<br>3. लघु वाहन चालक के रूप में 3 वर्षों का अनुभव 3 years' experience as Light Vehicle Driver.<br><br>इन पदों पर अभ्यर्थी के कार्यग्रहण के बाद तीन महीनों के अंदर केरल राज्य के मोटर वाहन अधिनियम की अन्य कोई अपेक्षा पूरी की जानी चाहिए। Any other requirement of the Motor Vehicle Act of Kerala State should be met within 3 months after the candidate joins the posts. | एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, सी, बीए, बीएल<br>S, SE ST, W, BN, MF, C, BA, BL | सामग्रियों और कार्मिकों के परिवहन के लिए लघु वाहनों का प्रचालन एवं अनुरक्षण करना। यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि वाहन संगत नियमों के अनुसरण में है। वाहन के अनुरक्षण और उपयोग का अभिलेख रखें, परिवहन अनुसूचियों में समन्वयन के लिए संप्रेषकों (डिस्पैचर) और अन्य कार्मिकों के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करें।<br>Operating and maintaining light vehicles for the transportation of goods and personnel. Responsible for ensuring the vehicle is in compliance with relevant regulations. Keep record of vehicle maintenance and usage, communicate with dispatchers and other personnel to co-ordinate transportation schedules. |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1528 | भारी वाहन चालक-ए<br>Heavy Vehicle Driver-A<br><br>स्तर/Level 02<br>(₹ 19,900 – ₹ 63,200/-) | 05 | अना./ UR-03<br>अ.पि.व./ OBC-02<br><br>05 में से 01 पद पूर्व-सैनिकों के लिए आरक्षित है।<br>Out of 05, 01 post is reserved for Ex-servicemen. | 1. एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिक/10वीं कक्षा में उत्तीर्ण<br>Pass in SSLC/SSC/Matric/10th Std.<br>2. अपने पास वैध एचवीडी लाइसेंस होना चाहिए<br>Must possess valid HVD license.<br>3. अपने पास वैध लोक सेवा बिल्ला होना चाहिए/Must possess valid Public Service Badge.<br><br>यदि किसी राज्य (राज्यों)/संघ शासित प्रदेश (संघ शासित प्रदेशों) में लोक सेवा बिल्ला अनिवार्य नहीं है तो, ऐसे राज्य (राज्यों)/संघ शासित प्रदेश (संघ शासित प्रदेशों) से आनेवाले अभ्यर्थियों को उस पद पर कार्यग्रहण करने के 3 महीनों के अंदर इस अपेक्षा की पूर्ति करनी चाहिए।<br>In case Public Service Badge is not mandatory in any State(s)/Union Territory(ies) candidates from such State(s) /Union Territory(ies) should meet this requirement within 3 months of joining the post.<br><br>4. 5 वर्ष का अनुभव, जिसमें से कम-से-कम 3 वर्ष भारी वाहन चालक के रूप में हो तथा शेष अवधि लघु वाहन चलाने का अनुभव हो।<br>5 years' experience out of which minimum 3 years as Heavy Vehicle Driver and the balance period driving experience of light motor vehicle. | एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, सी, बीए, बीएल<br>S, SE ST, W, BN, MF, C, BA, BL | सामग्रियों और कार्मिकों के परिवहन के लिए भारी वाहनों का प्रचालन और अनुरक्षण करना। यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि वाहन संगत नियमों के अनुसरण में है तथा कार्गो का गंतव्य स्थान तक सुरक्षित परिवहन। वाहन के अनुरक्षण और उपयोग का अभिलेख रखें, परिवहन अनुसूचियों में समन्वयन के लिए संप्रेषकों (डिस्पैचर) और अन्य कार्मिकों के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करें।<br>Operating and maintaining heavy vehicles for the transportation of goods and personnel. Responsible for ensuring the vehicle is in compliance with relevant regulations and safely transporting the cargo to its destination. Keep record of vehicle maintenance and usage, communicate with dispatchers and other personnel to co-ordinate transportation schedules. |

**पद सं. 1526 एवं 1527 (लघु वाहन चालक-ए एवं भारी वाहन चालक – ए) के लिए**
**For Post Nos 1526 & 1527 (Light Vehicle Driver-A & Heavy Vehicle Driver-A)**

1. कुल निर्धारित अनुभव वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।
   Total prescribed experience should be after obtaining valid Driving License.
2. अनुभव प्रमाणपत्र केवल सरकारी / अर्ध-सरकारी अभिकरण / पंजीकृत कंपनियां / सोसाइटी / ट्रस्ट आदि से होना चाहिए। व्यक्तियों द्वारा दिया गया अनुभव प्रमाणपत्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
   Experience certificate should only be from Government / Semi-Government agencies / Registered Companies / Societies / Trusts, etc. Experience Certificate from individuals will not be accepted.
3. अनुभव के वर्षों की संख्या की गणना के लिए अंशकालिक अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।
   Part time experience will not be considered for calculation of number of years of experience.
4. यह अनिवार्य है कि आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अभ्यर्थियों को अपेक्षित योग्यता और अनुभव प्राप्त करने चाहिए।
   It is mandatory that the candidate should possess the requisite qualification and experience as on the last date of application.
5. भारी वाहन चालक-ए के मामले में, उन राज्य(राज्यों)/केंद्र शासित प्रदेश(प्रदेशों) के लिए, जहां लोक सेवा बैज अनिवार्य है, अभ्यर्थी को आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार लोक सेवा बिल्ला प्राप्त करना चाहिए।
   In the case of Heavy Vehicle Driver-A, for State(s)/Union Territory(ies) where Public Service Badge is mandatory, the candidate should possess Public Service Badge as on last date of application.

| पद सं.<br>**Post No** | पद एवं वेतन स्तर<br>**Post & Pay Level** | रिक्तियों की सं.<br>**No. of vacancies** | आरक्षित<br>**Reserved for** | पद के लिए अनिवार्य योग्यताएं<br>**Essential qualifications for the post** | शारीरिक अपेक्षाएं<br>**Physical Requirements** | कार्य की प्रकृति<br>**Nature of job** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1529 | फायरमैन-ए<br>Fireman-A<br>स्तर/<br>Level 02<br>(₹ 19,900 – ₹ 63,200/-) | 03 | अना./UR-03 | 1. एसएसएलसी/एससी उत्तीर्ण।<br>SSLC/SSC Pass.<br>2. निर्धारित शारीरिक योग्यता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा मानकों को पूरा करना चाहिए।<br>Should satisfy the prescribed Physical Fitness & Physical Efficiency Test standards. | एस, एसटी, बीएन, एल, पीपी, एसई<br>S, ST, BN, L, PP, SE | प्रभारी द्वारा दिए निर्देश के अनुसार अग्निशमन / बचाव / आकस्मिक ड्रिल के बुलावों के लिए जवाब देना तथा उनमें भाग लेना। लगाई गई/सुवाह्य अग्नि रत्रण प्रणालियों के अनुरक्षण एवं परीक्षण।<br>Responding and participation in fire/ rescue/ surprise drill calls as directed by the in-charge. Maintenance and testing of fixed/ portable fire protection systems. |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1530 | रसोइया<br>Cook<br>स्तर/<br>Level 02<br>(₹ 19,900 – ₹ 63,200/-) | 01 | अना./UR-01 | 1. एसएसएलसी/एसएससी उत्तीर्ण।<br>SSLC/SSC Pass.<br>2. किसी सुप्रतिष्ठित होटल/कैंटीन में समान हैसियत पर (रसोइया के रूप में) पांच वर्षों का अनुभव<br>Five year experience in similar capacity (as Cook) in a well-established Hotel/Canteen. | एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, एमएफ, एसई, सी,<br>ST, W, BN, L, MF, SE, C | भोजन तैयार करना एवं पकाना तथा यथासमय, स्वास्थ्यकर तथा प्रभावी तरीके से भोजन तैयार हो जाता है यह सुनिश्चित करने के लिए एक टीम के साथ कार्य करना।<br>Preparing and cooking meals and working with a team to ensure that meals are prepared in a timely, hygienic and efficient manner. |

**<u>नोट/Note</u>:**

1. बेंचमार्क अशक्तताओं से युक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) पीडब्ल्यूबीडी के लिए अनारक्षित पद होने पर भी उनके लिए पात्र पद हेतु आवेदन दे सकते हैं। तथापि, ऐसे पद पर चयन हेतु सामान्य योग्यता के आधार पर इस प्रकार के अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।
Persons with Benchmark Disability (PwBD) can apply to the posts suitable to them even if the post is not reserved for them. However, such candidates will be considered for selection to such post by general standard of merit.

2. वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उपर्युक्त रिक्तियां परिवर्तित हो सकती हैं।
The above vacancies may vary depending upon the actual requirement.

3. कृपया ध्यान दें कि विज्ञापित पदों के लिए ऊपर निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और यह अभ्यर्थियों को चयन हेतु अपने आप पात्र नहीं बनाती है।
Please note that the qualification prescribed above for the posts advertised is the minimum requirement and the same does not automatically make the candidates eligible for selection.

4. किसी भी चरण पर केंद्र ऐसा चाहता है तो किसी भी पद को न भरने का अधिकार वह रखता है।
The Centre reserves the right not to fill up any of the posts, if it so desires at any stage.

| | |
|---|---|
| संक्षिप्त-रूप<br>Abbreviations | अना. = अनारक्षित, अ.पि.व.= अन्य पिछड़े वर्ग, एस = बैठना, एसई = देखना, एसटी = खड़ा रहना, डब्ल्यू = चलना, बीएन = झुकना, एमएफ = उंगलियों द्वारा परिचालन, सी = संचार, बीए= दोनों हाथ, बीएल = दोनों पैर<br>UR=Un-reserved, OBC=Other Backward Class, S=Sitting, SE=Seeing, ST=Standing, W=Walking, BN=Bending, MF=Manipulation by Fingers, C=Communication, BA=Both Arms, BL=Both Legs |

**कैसे आवेदन करें/HOW TO APPLY :**

आवेदन ***ऑन-लाइन ही*** स्वीकार किए जाएंगे ***तथा आवेदकों को आगे की सारी सूचनाएं मात्र ई-मेल/वीएसएससी वेबसाइट द्वारा दी जाएंगी। अतः आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल तथा वीएसएससी वेबसाइट समय-समय पर देखें।*** ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कृपया ***दिनांक 01.04.2025 को 1000 बजे से दिनांक 15.04.2025 को 1700 बजे तक*** http://www.vssc.gov.in वेबसाइट देखें। ***नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल के अधीन पंजीकृत तथा योग्यता शर्तों को पूरा करनेवाले अभ्यर्थी इसरो वेबसाइट देखें तथा बताए गए अनुसार आवेदन प्रक्रिया का अनुपालन करें।***

Applications will be received ***on-line only and all further communications will be made to the applicants through e-mail/VSSC website only. Therefore, the applicants are advised to check their e-mail and visit the VSSC website from time to time***. For submission of online applications, please visit VSSC website http://www.vssc.gov.in **from *1000 hours on 01.04.2025 to 1700 hours on 15.04.2025. The candidates registered under National Career Service (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit ISRO website and follow the application procedure as stated.***

***" सरकार एक ऐसे कार्यबल का प्रयास करती है जो लिंग संतुलन की अभिव्यक्ति करता है तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन देने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है"***
***"Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply"***

## सामान्य शर्तें / अनुदेश / GENERAL CONDITIONS/INSTRUCTIONS

01. ये पद अस्थाई हैं, किंतु जारी रहने की संभावना है।
The posts are temporary, but likely to continue.

**02. आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अपेक्षित योग्यता रखनेवाले ही आवेदन दें।**
**THOSE WHO POSSESS THE REQUIRED QUALIFICATION AS ON THE LAST DATE OF APPLICATION ONLY NEED TO APPLY.**

03. **आयु सीमा** (दिनांक 15.04.2025 के अनुसार)/**AGE LIMIT** (as on 15.04.2025):

| क्र.सं. Sl No | पद सं. Post No. | पद/Post | आयु सीमा/Age Limit | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना./UR | अ.पि.व./OBC | अनु.जा./SC | अनु.ज.जा. ST | ईडब्ल्यूएस/EWS |
| 01 | 1526 | सहायक (राजभाषा)/Assistant (Rajbhasha) | 28 वर्ष/years | 31 वर्ष/years | 28 वर्ष/years | 28 वर्ष/years | 28 वर्ष/years |
| 02 | 1527 | लघु वाहन चालक –ए Light Vehicle Driver-A | 35 वर्ष/years | 38 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years |
| 03 | 1528 | भारी वाहन चालक-ए Heavy Vehicle Driver-A | 35 वर्ष/years | 38 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years |
| 04 | 1529 | फायरमैन-ए/Fireman-A | 25 वर्ष/years | 25 वर्ष/years | 25 वर्ष/years | 25 वर्ष/years | 25 वर्ष/years |
| 05 | 1530 | रसोइया/Cook | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | 35 वर्ष/years |

सभी पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।
Minimum age is 18 years for all posts.

विभागीय अभ्यर्थी, पूर्व-सैनिक, अशक्त रक्षा सेवा कार्मिक, उत्कृष्ट खिलाड़ी, बेंचमार्क अशक्तता से युक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं (जिन्होंने फिर से शादी नहीं की) भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट के पात्र हैं।
Departmental candidates, Ex-Servicemen, Disabled Defence Services personnel, Meritorious Sportspersons, Persons with Benchmark Disability (PwBD), Widows, divorced women and women judicially separated from their husbands (who are not re-married) are eligible for age relaxation as per Government of India orders.

04. ऊपर उल्लिखित सभी पदों के लिए (फायरमैन-ए-पद सं. 1529 को छोड़कर) पदोन्नति मात्र रिक्ति के आधार पर है। फायरमैन-ए (पद सं. 1529) के लिए पदोन्नति लिमिटेड फ्लेक्सिबल कॉम्प्लिमेन्टिंग स्कीम (एलएफसीएस)/लेटरल मूवमेंट स्कीम के तहत है।
For all posts mentioned above (except Fireman-A – Post No.1529), the promotion is against vacancy only. For Fireman-A (Post No.1529), the promotion is under Limited Flexible Complimenting Scheme (LFCS) / Lateral Movement Scheme.

04. संगठन, अन्य केंद्रीय सरकार कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं के अतिरिक्त स्वयं तथा आश्रितों को चिकित्सीय सुविधाएं **(अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना)**, उनको परिवहन सुविधाएं/परिवहन भत्ता, सहायिकी-प्राप्त कैंटीन सुविधाएं, उपलब्धता के अधीन भवन आवास प्रदान करता है। केंद्र में एक केंद्रीय विद्यालय तथा अच्छी पुस्तकों से युक्त एक पुस्तकालय भी है जो वृत्तिक विकास का अवसर प्रदान करता है।
The Organisation provides Medical facilities (**Contributory Health Service Scheme**) for self and dependents, transport facilities/transport allowance, subsidised canteen facilities, housing accommodation subject to availability, in addition to the facilities available to the other Central Government Staff. The Centre has a well established Central School and a well-stocked Library that provides an excellent opportunity for professional development.

05. वर्तमान में, तैनाती का स्थान वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम है, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों को, जब कभी अपेक्षित हो, भारत में कहीं भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी यूनिट में तैनात किया जा सकता है।

At present the place of posting is at VSSC, Thiruvananthapuram, but the selected candidates are liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organisation/Department of Space situated anywhere in India as and when required.

06. जब कभी अपेक्षित हो, अभ्यर्थियों को ऑन-लाइन में प्रस्तुत अपने आवेदनों के ब्यौरों का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when required.

07. अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक जांच के लिए तैयार रहना चाहिए।
Candidates should be willing to undergo biometric verification.

09. **चयन प्रक्रिया /SELECTION PROCESS**:

**1. सहायक (राजभाषा) (पद सं. 1526)/Assistant (Rajbhasha) [Post No.1526]**

चयन प्रक्रिया में (1) लिखित परीक्षा तथा (2) कौशल परीक्षा शामिल हैं।

The selection process consists of (1) written test and (2) skill test.

1 **लिखित परीक्षा/Written test**

अनारक्षित श्रेणी के लिए न्यूनतम योग्यता अंक 50% (भाग ए, बी, सी और डी में) और आरक्षित श्रेणियों के लिए 40% अंक (भाग ए, बी, सी और डी में) के साथ लिखित परीक्षा 120 मिनट की अवधि की वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जो कि अधिसूचित आरक्षित रिक्तियों के लिए सख्त रूप से विचारार्थ है।

The written test will be of Objective type of 120 minutes duration with minimum qualifying marks as 50% marks (in Part A, B, C & D) for UR category and 40% marks (in Part A, B, C & D) for reserved categories, strictly for consideration against notified reserved vacancies.

**लिखित परीक्षा नमूना/Written Test Pattern**

| भाग<br>Part | विषय<br>Subject | प्रश्नों की संख्या<br>No. of questions | अंक<br>Marks | समय<br>Time | अंकन<br>Marking |
|---|---|---|---|---|---|
| A | हिंदी भाषा एवं व्याकरण<br>Hindi language & grammar | 50 | 50 | 120<br>मिनट/minutes | वस्तुनिष्ठ प्रकार<br>Objective type<br>(+1 एवं -0.25 का अंकन पैटर्न)<br>+1 and -0.25 pattern of marking) |
| B | सामान्य अंग्रेज़ी/General English | 50 | 50 | | |
| C | मात्रात्मक अभिक्षमता एवं सामान्य ज्ञान<br>Quantitative Aptitude & General Knowledge | 50 | 50 | | |
| D | सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कण<br>General Intelligence & Reasoning | 50 | 50 | | |

**सूचक पाठ्यक्रम/Indicative Syllabus**

**हिंदी भाषा एवं व्याकरण और सामान्य अंग्रेज़ी:** अभ्यर्थी की समझ और भाषाओं का ज्ञान और सही, सटीक और प्रभावी ढंग से लिखने की क्षमता, शब्दों, मुहावरों और वाक्यांशों का सही उपयोग आदि का परीक्षण करने के लिए प्रश्न।

**Hindi Language & Grammar and General English:** Questions to test the candidate's understanding and knowledge of the languages and ability to write correctly, precisely and effectively, correct use of words, idioms & phrases etc.

**सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कण:** गायब संख्या, पुनरावृत्त श्रृंखला, एनलॉगी, वेन डायग्रम, शब्दों की तार्किक व्यवस्था, कोडिंग और डिकोडिंग, बैठने की व्यवस्था, रैंकिंग व्यवस्था, पाँसा, क्यूब और क्यूबॉइड, कैलेंडर, संख्या श्रृंखला, कोडित समीकरण, घड़ी, दिशाएं, अंकों की गिनती, वर्णमाला, अनुक्रम, दर्पण

और पानी के प्रतिबिंब आदि पर आधारित समस्याओं पर वाचिक एवं अवाचिक प्रश्न।

**General Intelligence & Reasoning :** Verbal & non-verbal type questions on Missing Number, Repeated Series, Analogy, Venn diagram, Logical Arrangement of Words, Coding & Decoding, Sitting arrangement, ranking arrangement, Dice, Cube & Cuboid, Calendar, Number Series, Coded equation, Clock, Directions, Counting figures, Problems based on Alphabets, Sequence, Mirror and Water Image etc.

**मात्रात्मक अभिक्षमता:** संख्या प्रणाली, प्रतिशत, लाभ और हानि, कटौती, अनुपात और समानुपात, मिक्सर और एलीगशन, औसत, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, समय और दूरी, समय और कार्य, पाइप और कुंड, नाव और धारा, साझेदारी, करणियां और अक्षांक, एलसीएम और एचसीएफ, सरलीकरण, ज्यामिति (त्रिकोण, वृत्त, चतुर्भुज, रेखाएं और कोण आदि), मापन (क्षेत्र, परिधि, आयतन आदि) त्रिकोणमिति (त्रिकोणमितीय पहचान, त्रिकोणमितीय अनुपात, कोणों के वर्तुल माप, ऊंचाइयां और दूरी आदि) बीजगणित (कारककरण, ज्यामिति समन्वय, बहुपद, अनुक्रम एवं श्रृंखला, बीजगणितीय पहचान, रैखिक समीकरण आदि) सांख्यिकी और डेटा व्याख्या आदि पर प्रश्न।

**Quantitative Aptitude :** Questions on Number System, Percentages, Profit & Loss, Discount, Ratio & Proportion, Mixer & Allegation, Averages, Simple & Compound Interest, Time & distance, Time & Work, Pipe & Cistern, Boat & Stream, Partnership, Surds & Indices, LCM & HCF, Simplification, Geometry (Triangles, Circles, Quadrilateral, Lines & Angles etc.), Mensuration (Area, Perimeter, Volume etc), Trigonometry (Trigonometric Identities, Trigonometric Ratios, Circular measures of Angles, Heights & distance etc.), Algebra (Factorisation, Coordinate Geometry, Polynomials, Sequence & Series, Algebraic identities, Linear equations etc), Statistics & data interpretation etc.

**सामान्य ज्ञानः** आसपास के पर्यावरण और समाज में उसके अनुप्रयोग, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के वर्तमान मामले आदि के बारे में अभ्यर्थियों की जागरूकता का परीक्षण करने के लिए प्रश्न। इस परीक्षा में इतिहास, संस्कृति, भूगोल, विज्ञान, राज्य पद्धति, अर्थव्यवस्था आदि के प्रश्न तथा कंप्यूटर जागरूकता भी शामिल होंगे।

**General Knowledge :** Questions to test the candidates' awareness of the environment around and its applications to the society, current affairs of National & International importance etc. The test will also include questions of History, Culture, Geography, Science, Polity, Economy etc and computer awareness.

2 **कौशल परीक्षा/Skill test**

लिखित परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर, कुल न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों के साथ रिक्तियों की श्रेणी वार संख्या के 1:5 (सर्वाधिक) के अनुपात में अभ्यर्थियों को लघुसूचीबद्ध किया जाएगा। **कौशल परीक्षा में कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा और हिंदी टंकण परीक्षा शामिल हैं।** कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा में अधिसूचित आरक्षित रिक्तियों के लिए अनारक्षित श्रेणी के लिए उत्तीर्णता मानदंड (60 मिनट की अवधि) 60% अंक और आरक्षित श्रेणियों के लिए 50% अंक है। अनारक्षित श्रेणी के लिए हिंदी टंकण परीक्षा में अधिकतम 5% गलतियों की अनुमति है और अधिसूचित आरक्षित रिक्तियों के लिए आरक्षित श्रेणियों के लिए अधिकतम 8% गलतियों की अनुमति है। यदि नामिकायन के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी (चयन सूची और प्रतीक्षा सूची) कौशल परीक्षा में योग्यता प्राप्त नहीं करते हैं तो ऐसी कमी की सीमा तक कौशल परीक्षा के लिए अतिरिक्त अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में लघुसूचीबद्ध किया जाएगा।

Based on the performance in the written test, candidates will be short-listed for skill test in the ratio of 1:5 (maximum) to the category-wise number of vacancies, with an aggregate minimum of 10 candidates. **Skill test comprises of Computer Literacy Test and Hindi Typing Test**. Pass criteria for Computer Literacy Test (60 minutes duration) is 60% marks for UR category and 50% marks for

reserved categories, against notified reserved vacancies. A maximum of 5% mistakes are allowed for Hindi Typing Test for UR category and a maximum of 8% mistakes are allowed for reserved categories, against notified reserved vacancies. If sufficient numbers of candidates for empanelment (select list & wait list) do not qualify the skill test, then additional candidates will be short-listed for skill test, in the ratio of 1:5 to the extent of such short-fall.

| कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा का सूचक पाठ्यक्रम/Indicative Syllabus of Computer Literacy Test |
|---|
| **MS वर्ड (35 अंक के लिए):** फाइल ऑपन एवं सेव करना, टेक्स्ट दस्तावेज़ का संपादन करना, इनसर्टिंग, डिलीटिंग, कट, कॉपी, पेस्ट, अनडू, रीडू, फाइंड, सर्च, रीप्लेस, फॉर्मैटिंग पेज एवं सेटिंग मार्जिन, फाइलों को विभिन्न फॉर्मेटों में परिवर्तित करना, दस्तावेज़ इंपोर्टिंग एवं एक्सपोर्टिंग, टूल बार, रूलर का उपयोग करना, आइकनों का उपयोग करना; हेल्प का उपयोग करना;**फॉर्मैटिंग दस्तावेज़ –** फॉन्ट स्टाइल सेटिंग, फॉन्ट चयन-शैली, आकार, रंग आदि, टाइप फेस-बोल्ड, इटालिक, अंडरलाइन, केस सेटिंग, हाइलाइटिंग, स्पेशल सिंबल, पैराग्राफ स्टाइल, अलाइनमेंट, इन्डेंट, लाइन स्पेस, मार्जिन, बुलेट एवं नंबरिंग सेट करना; **पेज स्टाइल सेट करना –** फॉर्मैटिंग पेज, पेज टैब, मार्जिन, ले आउट सेटिंग, बॉर्डर एवं शेडिंग, कॉलम ब्रेक एवं लाइन ब्रेक; **टेबलों की सृष्टि –** टेबल सेटिंग, बॉर्डर, अलाइनमेंट, इनसर्शन, डिलीशन, मेर्जिंग, स्प्लिटिंग, सॉर्टिंग एवं फॉर्मुला; **ड्रॉइंग –** क्लिप आर्ट, चित्र/फाइलें आदि इनसर्ट करना; **टूल्स –** स्पेल चेक, मेल मेर्ज, टेंप्लेट, ट्रैकिंग परिवर्तन, सेक्यूरिटी; **दस्तावेज़ प्रिंट करना, शॉर्टकट की** आदि।<br>**MS Word (for 35 marks) :** Opening & Saving files, Editing text documents, Inserting, Deleting, Cut, Copy, Paste, Undo, Redo, Find, Search, Replace, Formatting page & setting Margins, Converting files to different formats, Importing & Exporting documents, Using Tool bars, Ruler, Using icons, using help; **Formatting documents**- Setting font styles, font selection – style, size, colour etc., Type face – Bold, Italic, Underline, Case Settings, Highlighting, Special symbols, Setting paragraph style, Alignments, Indents, Line Space, Margins, Bullets & Numbering; **Setting Page Style** – Formatting Page, Page tab, Margins, Layout settings, Border & Shading, Column break and line break; **Creating Tables** – Table Settings, Borders, Alignments, Insertion, Deletion, Merging, Splitting, Sorting and Formula; **Drawing** – Inserting Clip Arts, Pictures/Files etc; **Tools** – Spell Checks, Mail Merge, Templates, Tracking changes, Security; **Printing documents; Shortcut Keys** etc.<br><br>**MS एक्सल (35 अंक के लिए):** स्प्रेडशीट एवं उसके अनुप्रयोग, स्प्रेडशीट खोलना, **मेनु –** मुख्य मेनु, फॉर्मुला एडिट करना, टूलबारों को फॉर्मेट करना, हेल्प का उपयोग करना, **स्प्रेडशीट के साथ काम करना –** फाइल ऑपन एवं सेव करना, मार्जिन सेट करना, **स्प्रेडशीट अड्रेसिंग –** रो, कॉलम एवं सेल, रेफरिंग सेल एवं सेल चयन, शॉर्ट-कट की, **डेटा एन्टरिंग एवं डिलीटिंग –** डेटा प्रविष्टि, कट, कॉपी, पेस्ट, अंडू, रीडू, लगातार रो/कॉलम फिल करना, हाइलाइटिंग वेल्यूस फाइन्ड, सर्च एवं रीप्लेस, इनसर्टिंग डेटा, सेल, कॉलम/रो एवं शीट, सिंबल, क्लिपार्ट, पिक्चर, फाइलें आदि इनसर्ट करना, फंक्शन इनसर्ट करना, मैनुअल ब्रेक, **फॉर्मूला सेटिंग –** किसी कॉलम/रो में कुल का पता लगाना, अन्य फॉर्मूला का उपयोग करना, **स्प्रेडशीट फॉर्मेट करना –** कॉलम एवं रो का लेबलिंग, सेल, रो, कॉलम एवं शीट फॉर्मेटिंग, श्रेणी – अलाइनमेंट, फॉन्ट, बॉर्डर एवं शेडिंग, रो/कॉलम हाइडिंग/अणहाइडिंग, रो लंबाई, कॉलम चौड़ाई सेट करना, **शीटों के साथ काम करना –** सॉर्टिंग, फिल्टरिंग, वैधीकरण, समेकन एवं कुल योग, चार्ट तैयार करना – आरेखण, प्रिंटिंग, त्रुटि की जांच करना, वर्तनी की जांच करना आदि।<br>**MS Excel (for 35 marks) :** Spreadsheet & its applications, Opening Spreadsheet, **Menus** – Main menu, Formula Editing, Formatting, Toolbars, Using help; **Working with Spreadsheet** – opening, saving files, setting margins; **Spreadsheet addressing** – rows, columns & cells, referring cells & selecting cells, Short-cut keys; **Entering & Deleting Data**- Entering data, cut, copy, paste, undo, |

redo, filling continuous rows/columns, highlighting values, find, search & replace, inserting data, insert cell, column/row & sheet, symbol, clipart, pictures, files etc. Inserting functions, manual breaks; **Setting formula**- finding total in a column/row, using other formulae; **Formatting spreadsheets** – Labelling columns & rows, formatting cell, row, column & sheet, Category – Alignment, font, border & shading, hiding/unhiding rows/columns, setting row height, column width; **Working with sheets**- Sorting, Filtering, Validation, consolidation and subtotal, creating charts – Drawing; Printing, Error checking, spell checks etc.

**MS पावर पॉइंट (30 अंक के लिए):** नया प्रस्तुतीकरण, विभिन्न प्रस्तुतीकरण टेंप्लेटों को खोलना, बैकग्राउंड सेट करना, प्रस्तुतीकरण लेआउट का चयन करना, **प्रस्तुतीकरण तैयार करना –** प्रस्तुतीकरण स्टाइल सेट करना, प्रस्तुतीकरण में टेक्स्ट जोड़ना, **प्रस्तुतीकरण का फॉर्मेटिंग –** स्टाइल, रंग, ग्रेडियंट फिल्स जोड़ना, वस्तुओं को व्यवस्थित करना, हेडर एवं फोल्डर जोड़ना, स्लाइड बैकग्राउंड, स्लाइड लेआउट, प्रस्तुतीकरण में ग्रैफिक्स जोड़ना, प्रस्तुतीकरण में चित्र, सारणियां आदि इनसर्ट करना आदि।

**MS Power Point (for 30 marks) :** Opening new presentation, different presentation templates, setting backgrounds, selecting presentation layouts; **Creating a presentation** – Setting presentation style, adding text to the presentation; **Formatting a presentation** – Adding style, colour, gradient fills, arranging objects, adding header & footer, Slide background, Slide layout; Adding graphics to the presentation, inserting pictures, tables etc. into presentation etc.

**हिंदी टंकण परीक्षा का सूचक पाठ्यक्रम**
**Indicative Syllabus of Hindi Typing Test**

अभ्यर्थियों को यूनिकोड फॉन्ट के साथ इनस्क्रिप्ट कीबोर्ड का उपयोग करके कंप्यूटर पर 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिंदी में 250 शब्दों के दिए गए पाठ को टाइप करना है।
Candidates have to type a given passage of 250 words in Hindi at a speed of 25 words per minute on Computer using INSCRIPT keyboard with UNICODE font.

3 अंतिम चयन कौशल परीक्षा के लिए योग्यता प्राप्त करनेवाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा के अंकों में टाइ की स्थिति में, अभ्यर्थियों की तत्संबंधी योग्यता का निर्णय निम्नलिखित टाई-ब्रेकरों के आधार पर किया जाएगा, जिन्हें आवश्यकता के आधार पर एक के बाद एक लागू किया जाएगाः
Final selection will be based on marks scored in the written test from among the candidates who qualify in the skill test. In the event of a tie in the Written Test marks, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers to be applied one after the other on need basis:

a. हिंदी भाषा और व्याकरण में प्राप्त अंक/Marks scored in Hindi Language & Grammar
b. जन्म तिथि, अधिक आयु के अभ्यर्थी को ऊपर रखते हुए।/Date of birth, with older candidate placed higher.

**3. लघु वाहन चालक-ए (पद सं. 1527) एवं भारी वाहन चालक-ए (पद सं. 1528)**

**Light Vehicle Driver-A [Post No.1527] & Heavy Vehicle Driver-A [Post No.1528]**

चयन प्रक्रिया में दो स्तर, यानी (1) लिखित परीक्षा तथा (2) कौशल परीक्षा शामिल हैं और ब्यौरे निम्नुसार हैं

The selection process consists of two levels ie (1) written test and (2) skill test and the details is as follows

| स्तर/Level | चयन प्रक्रिया/Selection Process |
|---|---|
| 1 | **लिखित परीक्षा/ Written test**<br>1. लिखित परीक्षा पहले आयोजित की जाएगी और 1:5 के अनुपात में योग्यता के क्रम में लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर कौशल परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को लघुसूचीबद्ध किया जाएगा।<br>The written test will be conducted first and short-listing of candidates for skill test will be done based on the written test scores in the order of merit in the ratio of 1:5.<br>2. लिखित परीक्षा में एक पेपर में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जिनमें से प्रत्येक के लिए एक अंक होगा और यह 2 घंटे (120 मिनट) की अवधि का होगा [सही उत्तरों में प्रत्येक के लिए एक अंक, गलत उत्तरों में प्रत्येक के लिए -0.25 अंक और जिन प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए गए हैं उनके लिए शून्य अंक होंगे]।<br>The written test consists of one paper containing 100 objective questions carrying one mark each and will be of 2 hours (120 minutes) duration [Correct answers carry one mark each, wrong answers carry -0.25 mark each and unattended questions carry zero mark].<br>3. जो लिखित परीक्षा में भाग-ए में न्यूनतम 50% अंक और भाग-बी, भाग-सी और भाग-डी में संयुक्त रूप से न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करते हैं, वे कौशल परीक्षा के लिए लघुसूचीबद्ध किए जाने हेतु विचार के पात्र होंगे। लिखित परीक्षा के सभी चार भागों में प्राप्त कुल अंकों को कौशल परीक्षा के लिए लघुसूचीबद्ध करने हेतु गिना जाएगा।<br>Those who secure a minimum of 50% marks in Part-A and minimum of 50% marks in Part-B, Part-C and Part-D combined in the written test will be eligible for consideration for shortlisting for skill test. Total marks obtained in all four parts of the written test will be reckoned for shortlisting for skill test.<br>4. यदि आरक्षित रिक्तियों (अनु.जा./अ.पि.व./पूर्व-सैनिक) को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं तो बढ़ते चरणों में, अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या तक पहुंचने के लिए लिखित परीक्षा के अंकों में 25% तक की छूट दी जाएगी, ताकि 1:5 के निर्धारित अनुपात में छूट दिए गए मानकों के अधीन आगे विचार हेतु कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जा सके।<br>In case sufficient number of candidates to fill up reserved vacancies (SC/OBC/Ex-servicemen) are not available, relaxation of marks upto 25% will be allowed in the written test, in increasing steps, to reach required number of candidates in the prescribed ratio of 1:5 to be called for skill test for further consideration under relaxed standards. |

| | |
|---|---|
| 2 | **कौशल परीक्षा/Skill test**<br>1. कौशल परीक्षा पूरी तरह से 'गो-नो-गो' आधार (उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण) पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों पर चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। योग्यताप्राप्ति के लिए न्यूनतम 60% अंकों के साथ 100-पॉइंट स्केल पर कौशल परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। कौशल परीक्षा में किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थियों को कोई छूट नहीं दी जाएगी।<br>The skill test will be purely on 'go-no-go' basis (pass or fail) and marks obtained in the skill test will not be considered for selection. The skill test will be evaluated on a 100-point scale with minimum 60% for qualification. No relaxation is allowed for any category of candidates in the skill test.<br>2. अंतिम चयन, कौशल परीक्षा में योग्यताप्राप्त अभ्यर्थियों में से किया जाएगा, जो पूरी तरह से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। कौशल परीक्षा में 60% अंकों के साथ योग्यता प्राप्त करनेवाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में नामिकायन किया जाएगा। लिखित परीक्षा के अंकों में टाइ होने की स्थिति में, अधिसूचित योग्यता के अकादमिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे।<br>The final selection will be done amongst skill test qualified candidates, purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify in the skill test with 60% marks, empanelment will be done in the order of marks obtained in the written test. In case of a tie in the written scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker. |

लघु वाहन चालक-ए (पद सं. 1525) एवं भारी वाहन चालक-ए (पद सं. 1526) के चयन के विभिन्न भागों के लिए लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं अंकों के विभाजन इस प्रकार हैं:

The syllabus for written test and apportionment of marks for different parts of selection of Light Vehicle Driver-A (Post No.1525) and Heavy Vehicle Driver-A (Post No.1526) is as follows:

| क्र.सं.<br>Sl No. | पाठ्यक्रम<br>Syllabus | आबंटित अंक<br>Marks Allotted |
|---|---|---|
